कृषि मंत्री ने लॉन्च किया ‘किसान कॉल सेंटर’

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2022 को राज्य के किसानों की समस्याओं और सुझावों से अवगत कराने के उद्देश्य से राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने नेपाल हाउस में ऑनलाइन मोड में ‘किसान कॉल सेंटर’का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर बादल ने ‘ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी’और **COVID**-19 टीकाकरण के लिये प्रेरित करने हेतु कृषि विभाग द्वारा तैयार एक गीत भी लॉन्च किया।
- इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है, साथ ही उनके सुझावों से अवगत होना चाहती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ‘किसान कॉल सेंटर’शुरू किया है, जिसका संचालन कृषि निदेशालय द्वारा किया जाएगा।
- राज्य के किसान इस किसान कॉल सेंटर, जिसका टोल फ्री नंबर 1800-123-1136 है, में कहीं से भी अपनी समस्याएँ और सुझाव दर्ज करा सकते हैं।
- प्रखंड स्तर से मुख्यालय स्तर तक उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा तथा किसानों के सुझाव मिलने के बाद उन पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारी इसकी लगातार मॉनिटरिंग भी करेंगे।
- किसान कॉल सेंटर में किसानों को उनकी भाषा के अनुसार जवाब दिया जाएगा, ताकि किसानों को संचार में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।
- नई तकनीक ‘ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी’के ज़रिये बीजों की ट्रैकिंग की जा सकती है, जिससे किसानों को दिये जाने वाले बीजों की खेत तक ट्रैकिंग की जा सकेगी।
- कृषि विभाग द्वारा शुरू की गई इन दो नई तकनीकों से कार्यों में पारदर्शिता आएगी और राज्य के किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। साथ ही इसका परिणाम उत्पादन में देखने को मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agriculture-minister-launched-kisan-call-center